भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2574

उत्तर देने की तारीख 19 दिसंबर, 2023
28 अग्रहायण, 1945 (शक)

खेल अवसंरचना और युवा विकास कार्यक्रम

2574. श्रीमती संध्या रायः
श्रीमती रंजनबेन भट्टः
श्रीमती हिमाद्री सिंह:
श्री लल्लू सिंहः
श्री शंकर लालवानी:
डॉ. भारतीबेन डी. श्यालः
श्री तेजस्वी सूर्याः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खेल अवसंरचना के लिए मंत्रालय के बजट का ब्यौरा क्या है और विगत कुछ वर्षों में इसमें कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है;

(ख) विगत नौ वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान बजट आबंटन का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश का भिंड जिला खेलों में सर्वाधिक सक्रिय है और यदि हां, तो क्या सरकार की इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम अथवा किसी प्रकार का मल्टी-स्पोर्ट्स ऑडिटोरियम के निर्माण की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) मध्य प्रदेश सहित देश में खेल अवंसरचना और युवा विकास कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए मंत्रालय के लिए बजट आबंटन का किस प्रकार उपयोग किया जा रहा है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख) : पिछले नौ वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेल विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय को अपनी स्कीमों के तहत खेल अवसंरचना के विकास सहित आवंटित बजट का वित्त वर्ष 2012-13 के संदर्भ में प्रतिशत वृद्धि के साथ विवरण, अनुबंध में दिया गया है ।

(ग) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम के निर्माण सहित खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य सरकार का होता है । केंद्र सरकार उनके प्रयासों में सहायता करती है । इस मंत्रालय ने मध्य प्रदेश राज्य में 17 परियोजनाओं सहित देशभर में 341 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी है । इन 17 खेल अवसंरचना परियोजनाओं में से, मध्य प्रदेश के भिंड जिले में एक जल खेल केंद्र को मंजूरी दी गई है ।

(घ) इस मंत्रालय को आवंटित बजट का उपयोग मध्य प्रदेश राज्य सहित पूरे देश में इसकी विभिन्न स्कीमों के माध्यम से युवा और खेल कार्यकलापों के विकास के लिए किया जाता है ।

****

अनुबंध

"खेल अवसंरचना और युवा विकास कार्यक्रम" के संबंध में श्रीमती संध्या राय, श्रीमती रंजनबेन भट्ट, श्रीमती हिमाद्री सिंह, श्री लल्लू सिंह, श्री शंकर लालवानी, डॉ. भारतीबेन डी. श्याल और श्री तेजस्वी सूर्या द्वारा दिनांक 19.12.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2574 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

पिछले 9 वर्षों और चालू वर्ष के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का बजट

वित्तीय वर्ष	बजट आवंटन (करोड़ रु.)	संदर्भ वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (% में)
2012-13 (संदर्भ वर्ष)	797.26	0
2013-14	874.00	9.63
2014-15	1322.61	65.89
2015-16	1082.13	35.73
2016-17	996.00	24.93
2017-18	1393.21	74.75
2018-19	1575.15	97.57
2019-20	1600.00	100.69
2020-21	2100.42	163.45
2021-22	1906.14	139.09
2022-23	2254.00	182.72
2023-24	2462.59	208.88

*****